दैनिक प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

बर्ष :-02 अंक :-242 मुरादाबाद **29 December 2022 (Thursday)** पृष्ठः-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## G-20 सम्मेलन: मुख्यमंत्री योगी बोले, 'ब्रांड यूपी' से दुनिया का परिचय कराएगा जी-20 सम्मेलन

जी-20 के विविध आयोजन वाराणसी, ग्रेटर नोएडा, लखनऊ और आगरा में होंगे। मुख्यमंत्री ने आयोजन को लेकर अफसरों संग बैठक की और इसका अधिक से अधिक लाभ लेने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की और अफसरों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी-20 सम्मेलनों के सफल आयोजन के लिए उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की और अफसरों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत को विश्व के बड़े राष्ट्रों के समूह जी-20 की अध्यक्षता करने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह वैश्विक समारोह उत्तर प्रदेश के लिए अपार संभावनाएं लेकर आया है। यह कार्यक्रम ब्रांड यूपी को दुनिया से परिचय कराने का शानदार मंच है। हमें इस वैश्विक समारोह का अधिकाधिक लाभ लेना चाहिए। भारत की अध्यक्षता वाले जी-20 के एक वर्ष की अवधि में उत्तर प्रदेश के वाराणसी, लखनऊ आगरा और ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग कार्यक्रम होने प्रस्तावित हैं। इन जनपदों में अतिथि देवो भव की भारतीय भावना के अनुरूप आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी की जाए। यह आयोजन स्वच्छता, सुंदरता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का मानक हो, इसके लिए एक टीम के रूप में सभी को प्रयास करना होगा। विदेशी आगन्तुकों की सुरक्षा के मानक अनुरूप प्रबंध किए जाएं। मेडिकल इमरजेंसी, ट्रैफिक आदि के संबंध में भी आवश्यक व्यवस्था की जाए। अतिथियों के भोजन में उत्तर प्रदेश की विविधतापूर्ण खान-पान संस्कृति का समावेश होना चाहिए। जी-20 सम्मेलनों की मेजबानी वाले शहरों को भव्य स्वरूप दिया जाए। शहर में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व वाली विरासतों पर आकर्षक लाइटिंग की जानी चाहिए। अतिथियों के भ्रमण रूट पर दीवारों पर प्रदेश की संस्कृति को दर्शाने वाले



चित्रों को प्रदर्शित किया जाए। भारत की योग परंपरा को आज पूरी दुनिया अपना रही है, ऐसे में सूर्य नमस्कार के विभिन्न मुद्राओं को प्रदर्शित करती हुई प्रतिमाएं लगाई जा सकती हैं। सभी चार शहरों में होने वाले आयोजन में स्थानीय संस्कृति को थीम बनाया जाए। जैसे, राजधानी लखनऊ में अवध संस्कृति, आगरा में ब्रज संस्कृति, रंगोत्सव, वाराणसी में गंगा संस्कृति को थीम बनाकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रदेश आगमन पर पुष्पवर्षा के साथ अतिथियों का स्वागत किया जाए। स्थानीय सांस्कृतिक समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लें। जी-20 सम्मेलनों की मेजबानी एक ऐतिहासिक अवसर है। इसे अविस्मरणीय बनाने के लिए राजधानी लखनऊ में एक जी-20 पार्क की स्थापना की जानी चाहिए। इस संबंध में स्थान का चिन्हांकन कर पार्क की रूपरेखा के संबंध में कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जी-20 सम्मेलनों में सुरक्षा व्यवस्था एक महत्वपूर्ण विषय है। गृह विभाग द्वारा सभी डेलीगेट्स की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाए। हर डेलीगेट्स के साथ एक लाइजनिंग अधिकारी की तैनाती की जाए। लाइजनिंग अधिकारी की विधिवत ट्रेनिंग कराई जाए। हर प्रकार के बाह्य और आतंरिक सुरक्षा की आशंकाओं के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किये जायें। साइबर अपराध के प्रयासों पर भी नजर रखी जाए। अग्निशमन के लिए मानक अनुरूप इंतजाम होने चाहिए। बेहतर सर्विलांस, इंटेलिजेंस इनपुट आदि के लिए भारत सरकार से यथा आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाना चाहिए।

### प्रदेश के हर आयोजन पर जी-20 के लोगों का प्रयोग करें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी की संज्ञा दी है। उत्तर प्रदेश के पास समृद्ध इतिहास की विरासत है। जी-20 के मंच पर प्रदेश की प्राचीन कला, संस्कृति, इतिहास, पुरातात्विक विशिष्टताओं का संकलन कर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। प्रदेश की समृद्ध अर्थव्यवस्था, जीडीपी, औद्योगिक विकास आदि का भी प्रदर्शन किया जाना चाहिए। प्रदेश सरकार के हर आयोजन, प्रत्येक पत्राचार पर जी-20 के लोगो का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यापक जनसहभागिता से ही यह सम्मेलन अपने उद्देश्यों में सफल होगा। जी-20 आयोजन से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ा जाना चाहिए। विश्वविद्यालयों में इस विषय पर विशेष चर्चा-परिचर्चा आयोजित की जानी चाहिए। आयोजन वाले सभी चार शहरों में प्रदेश के युवा चित्रकारों के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाए। इसके अलावा, पुस्तक मेला, योग चैलेंज, क्राफ्ट मेला, स्कूल स्तर पर नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। स्थानीय प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक वाहनों पर जी-20 की ब्रांडिंग की जाए। ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजन में तीनों स्थानीय विकास प्रधिकारणों को भी जोड़ा जाए। जी-20 की मेजबानी सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर, सुंदरीकरण के लिए भी अच्छा मौका है। जिस रूट पर डेलीगेट्स का आवागमन होना है, आवश्यकतानुसार वहां की सड़कों को व्यवस्थित कराया जाए। स्वच्छता पर हमें खास ध्यान देना होगा। जिन शहरों में सम्मेलन होने हैं, वहां कार्यक्रम की तिथि से एक सप्ताह पूर्व स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाए। इन शहरों को प्लास्टिक फ्री बनाने का प्रयास हो। जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें, जनसहभागिता को बढ़ाएं। जी-20 सम्मेलन के सफ़ल आयोजन में इंटरनेट कनेक्टिविटी की बड़ी भूमिका होगी। कार्यक्रम स्थल पर ग्लोबल मानकों के अनुरूप हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। वैकल्पिक व्यवस्था भी रखी जाए।

## मां और बेटे के बीच का प्यार अनंत और अनमोल होता है राहुल ने PM मोदी की मां के जल्द स्वस्थ होने की कामना की





नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। राहुल गांधी ने कहा कि एक मां और बेटे के बीच का प्यार अनन्त और अनमोल होता है। उन्होंने ट्वीट किया, मोदी जी, इस कठिन समय में मेरा प्यार और समर्थन आपके साथ है। मैं आशा करता हूं आपकी माताजी जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की माता जी के अस्वस्थ होने का समाचार प्राप्त हुआ। इस घड़ी में हम सब उनके साथ हैं।% उन्होंने कहा, मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि उन्हें जल्द स्वास्थ्य लाभ मिले।

### हीरा बा यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन को इलाज के लिए अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। डाक्टरों ने बताया कि उनकी मां की तबीयत स्थिर है। जानकारी के अनुसार, मां हीराबेन के अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी शाम करीब 4 बजे अस्पताल पहुंचेंगे। जानकारी के अनुसार, सिविल अस्पताल परिसर में स्थित यू एन मेहता अस्पताल में हीरा बा को बुधवार सुबह ही लाया गया था।

उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई जिसके चलते जांच व उपचार के लिए हीरा बा को यहां लाया गया। यहां उनका उपचार जारी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी मां की तबीयत के बारे में फोन पर जानकारी ली है। पीएम मोदी शाम करीब चार बजे अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। मां का हालचाल जानने को एयरपोर्ट से वे सीधे यू एन मेहता अस्पताल पहुंच सकते हैं।

### चुनाव के दौरान मां से मिले थे पीएम मोदी

बता दें कि हीराबेन के अस्पताल में भर्ती होने के बाद अस्पताल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। वहीं, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के कैलाशनाथन यूएन मेहता अस्पताल पहुंचे हैं। साथ ही असरवा और दरियापुर के विधायक भी अस्पताल पहुंच चुके हैं। विधानसभा चुनाव 2022 के प्रचार के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में थे, तो उन्होंने माता हीराबेन से मुलाकात की थी।

### पीएम के भाई का हुआ था एक्सीडेंट

वहीं, एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी मंगलवार को परिवार सहित एक सड़क हादसे की चपेट में आ गए। यह हादसा कर्नाटक के मैसूर में हुआ था। हादसे के समय उनके साथ कार में उनके बेटे, बहू और उनकी पत्नी भी मौजूद थे। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में उनके बेटे और बहू को मामूली चोटें आई थी और दोनों सामान्य रूप से घायल हुए थे। हालांकि, उन्हें उपचार के लिए एसएस अस्पताल ले जाया गया था। यह हादसा तब हुआ था, जब दो कार आपस में टकरा गई थी।

# दुम्हैरा में आग लगने से चार पशुओं की मौत

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- अकराबाद - की गांव दुम्हैरा में घर के निकट एक घेर में बंधे चार पशुओं की अचानक लगी आग से जलकर मौत हो गई। गांव दुम्हैरा निवासी पुष्पेन्द्रसिंह पुत्र नेमपाल का गांव में घर के निकट घेर है। जहां घेर में पशु बंधे हुये थे। घेर के ऊपर से हाईटेंशन की लाइन गुजर रही है। किसी तरह घेर में अचानक आग लग गई।और देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया।आग की लपटें देख गांव के तमाम लोग मौके पर आगये और बाल्टियों व अपने अन्य संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। आग पर काबू न होते देख ग्रामीणों ने पुलिस व फायर ब्रिगेड का सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन तब आग में जलकर एक भैंस दो गाय व एक पड़िया की मौत हो गई।पुलिस चौकी प्रभारी पनेठी अंशुल शर्मा ने बताया है कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।आशंका व्यक्त की जारही है कि घेर के ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाइन के तार से निकली चिंगारी की कारण आग लगने की संभावना हैं।हादसे में पुष्पेंद्र सिंह व उसके अन्य परिजनों के चार पशुओं की मौत हो गई।

# स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी एवं खेल मैदान का निरीक्षण कर कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

गयासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज मरवाही जनपद के निमधा, धनपुर एवं मझगवां का दौरा किया। उन्होंने हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर निमधा में प्रसव कक्ष, दवाइयों की उपलब्धता एवं साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र के अतिरिक्त बेड वार्ड कक्ष और अतिरिक्त प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया तथा गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराने, गर्भावस्था के दौरान उनकी अच्छी सेहत के लिए योग कराने और जननी सुरक्षा योजना के तहत उन्हें लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पानी की व्यवस्था के लिए सिंगल बोर लगाने तथा मच्छरों से बचने खिड़कियों में जाली लगाने और परिसर में स्थित पुराने पटवारी कार्यालय कक्ष को खंड चिकित्सा अधिकारी को हैंडओवर करने जनपद सीईओ मरवाही को निर्देश दिए। कलेक्टर ने खेल गांव योजना के तहत निमधा के खेल मैदान में मनरेगा के तहत चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने खेल मैदान में क्रिकेट, वाली बॉल, कबड्डी, फुटबॉल आदि खेल गतिविधियों के अनुकूल मैदान का समतलीकरण, गोल पोस्ट एवं खेल सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होने धनपुर पंचायत के चितवाही टोला में प्राथमिक शाला, नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष एवं आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन किया। उन्होने आंगनबाड़ी के बच्चों की शैक्षणिक एवं शारीरिक गतिविधियो, पौष्टिक आहार के तहत अण्डा, केला वितरण आदि की जानकारी ली। उन्होने परिसर में पोषण वाटिका के तहत केला, कटहल, मुनगा, पपीता आदि के पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होने निमधा सरपंच की मांग पर बेनी बाई स्थल के पास प्राथमिक शाला और ठाकुरदेव (देवगुड़ी) का आहाता निर्माण के लिए जनपद सीईओ मरवाही को निर्देश दिए। कलेक्टर ने मझगवां में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के तहत मनरेगा मद से नवनिर्मित शेड का अवलोकन किया और मझगंवा सरपंच श्री पवन सिंह ओट्टी से बाजार की नीलामी, वसूली, साफ-सफाई आदि के बारे में पूछताछ की। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी श्री देव सिंह उईके, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर, सीईओ डॉ. राहुल गौतम, खंड शिक्षा अधिकारी श्री आर के दयाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कोल विधानसभा क्षेत्र के गांव नगला पटेल में 12 घंटे में ट्रांसफार्मर बदला जाए -राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि धनीपुर ब्लॉक के गांव नगला पटेल में ट्रांसफार्मर न होने के कारण पूरा गांव अंधकार में डूब रहा है किसानों का कहना है कि कई बार अवगत करा चुके हैं गांव में दो तरह की बिजली आ रही है आधे गांव में बिजली आ रही है और आधे गांव में बिजली नहीं आ रही है बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया है लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर दश केबीए कहां पहुंचा नहीं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि इस संबंध में किसानों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कर्मचारियों से अवगत करा दिया गया है कई बार अवगत कराया है लेकिन ट्रांसफार्मर का मामला अभी तक शिफ्ट नहीं हुआ है किसान मोर्चा के नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा है कि तत्काल ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दें ट्रांसफार्मर को लेकर राजनीति न करें विभाग के अधिकारी आधे घंटे में ट्रांसफार्मर बदलना चाहिए सरकार के आदेश है आदेश का पालन करें

# मुरादाबाद मंडल में ज्ञान वर्धन के लिए 715 पुस्तकालय 22 गांव में नक्षत्र शाला की स्थापना-आयुक्त

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने मुरादाबाद मण्डल की सतत् विकास यात्रा का ईयर एंडर 2022 मुरादाबाद में विवरण देते हुए बताया है कि वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मुरादाबाद मंडल में विकास की रफ्तार ने कई कीर्तिमान बना डाले। मुरादाबाद मंडल में बीते एक साल में 9950 करोड़ से कई विकास परियोजनाओं को रफ्तार दी गई। कमिश्नर मुरादाबाद आञ्जनेय कुमार सिंह के निर्देशन में 4417.21 करोड़ की लागत से मध्य गंगा परियोजना का तेजी से विकास कराया जा रहा है। इस परियोजना का 90 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। इससे अमरोहा, बिजनौर व संभल के 4.10 लाख किसान लाभान्वित होंगे। मिशन शक्ति के तहत हाईवे और हाइवे से सटे सभी पेट्रोल पंप पर महिलाओं के लिए स्वच्छ शौचालय और सेनेटरी पैड की व्यवस्था की गई है। युवाओं में ज्ञानवर्धक करने के लिए मुरादाबाद मंडल में 715 पुस्तकालय और 22 गांव में नक्षत्र शाला की स्थापना कराई गई है। इसके अलावा निराश्रित गोवंश के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में तीन नए नंदी विहार बनाकर किसानों को फसलों की सुरक्षा का अहसास कराया गया है। अमृत योजना में 4908 गांव में बहेगी निर्मल धारा- मुरादाबाद के कमिश्नर आञ्जनेय कुमार सिंह ने बताया कि मुरादाबाद मंडल के 4908 राजस्व गांव स्वच्छ पेयजल के लिए चयनित किए गए हैं। अमृत योजना के तहत इनमें 5420 करोड़ रुपये से लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाएगा। मुरादाबाद मंडल के ऐसे गांव को चिन्हित किया गया है। जहां पेयजल स्वच्छ नहीं था। ऐसे घरों में पेयजल कनेक्शन कराए जा रहे हैं इससे लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी मुहैया हो सके। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व, विदुर कुटी, कणव आश्रम से आध्यात्मिक पर्यटन को दिया बढ़ावा मुरादाबाद मंडल में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विदुर कुटी और कणव आश्रम का निर्माण कराया गया। इसके अलावा बिजनौर में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व बनाया गया। इससे पर्यटन को सीधा लाभ मिलेगा। रोजगार बढ़ेंगे। रामपुर में विश्व प्रसिद्ध रजा लाइब्रेरी को भी डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। जहां पर तेलुगू, तमिल, मलयालम इसके अलावा अमरोहा में 4. 6 करोड़ की लागत से विकास कार्य कराया जा रहा है। मुरादाबाद सहारनपुर रेल सेक्शन पर बनेगा 106.544 करोड़ का ओवर ब्रिज मुरादाबाद सहारनपुर रेल सेक्शन पर 106 पॉइंट 540 करोड़ से ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है इससे वहां से गुजरने वाले हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। मुरादाबाद में एनवीएस मेटल फाउंडेशन 9.94 करोड़ की लागत से बनाया गया।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद/ आसपास

www.knlslive.com

29 December 2022



# नगर निगम के अधिकारियों ने बिना नोटिस चलवा बुलडोजर

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- काशीपुर रोड फोटोन हॉस्पिटल के सामने बिजना गांव में मोहम्मद महमूद पुत्र मोहम्मद भूरे के मकान पर नगर निगम के अधिकारियों ने बिना नोटिस दिए चलवा दिया बुलडोजर बी जाना गांव में रहने वाले मोहम्मद महमूद पुत्र मोहम्मद भूरे के घर पर नगर निगम के अधिकारी भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और मोहम्मद महमूद पुत्र मोहम्मद भूरे के मकान पर बिना नोटिस जारी किए बुलडोजर चलवा दिया
जब वहां गांव के लोग इकट्ठा हुए और विरोध किया तो नगर निगम के अधिकारियों ने एक ना सुनी मकान के पास से निकल रही 11000 की लाइन का खंबा बुलडोजर से मकान तोड़ते समय खंबा भी गिर गया 11000 की लाइन में करंट चालू था जैसे ही वह खंबा टूटकर गिरा तार मिलने से ब्लास्ट होने लगे जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई वहां से नगर निगम के अधिकारी फोर्स और स्टाफ के साथ चले गए मोहम्मद महमूद पुत्र मोहम्मद भूरे का कहना है मेरे मकान की रजिस्ट्री होने के बावजूद भी बिना नोटिस दिए मेरा घर तोड़ा गया मोहम्मद महमूद पुत्र मोहम्मद भूरे का सरकार से कहना है मेरे साथ हो रही नाइंसाफी और जबरदस्ती पर रोक लगाई जाए मेरे मकान की जांच कराई जाए अन्यथा मैं दोषी पाया जाता हूं तो मेरे खिलाफ कार्रवाई की जाए वरना मेरे साथ हुई जोर जबरदस्ती को सरकार देखें व नगर निगम अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर मुझे न्याय दिलाया जाए

# थार-क्रेटा पर स्टंटबाजी- मुरादबाद में सड़क पर दौड़ती कार के ऊपर बैठ युवकों ने मचाया हुड़दंग, वीडियो वायरल



मुरादाबाद- एक व्यक्ति ने एक वीडियो ट्वीट किया। जिसमें मुरादाबाद पुलिस को टैग किया है। जिसमें दावा किया जा रहा है कि वीडियो नया मुरादाबाद में बनाई गई है सोशल मीडिया पर स्टंटबाजी का एक वीडियो सोशल वायरल हो रहा है।
जिसमें चलती कारों पर दो युवक बोनट पर बैठे नजर आ रहे हैं। वीडियो नया मुरादाबाद की बताई जा रही है। पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है। एक व्यक्ति ने एक वीडियो ट्वीट किया। जिसमें मुरादाबाद पुलिस को टैग किया है। जिसमें दावा किया जा रहा है कि वीडियो नया मुरादाबाद में बनाई गई है। थार और क्रेटा कार बराबर में दौड़ रही है। कार में कुछ युवक बैठे हैं। जबकि कुछ युवक थार और क्रेटा के बोनट पर बैठे हैं। वीडियो में एक गाना भी बज रहा है। नया मुरादाबाद के अलावा कार हाईवे पर ही दौड़ती नजर आती हैं। इस मामले को लेकर एसपी यातायात अशोक कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है। कार पर लगी नंबर प्लेट के आधार पर उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# भारत जोड़ो यात्रा के यूपी प्रवेश पर भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान

मुरादाबाद-जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी की हुई संयुक्त बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश के दौरान भारी संख्या में लोगों के जिले से पहुंचने का निर्णय लिया गया। चौमुखा पुल स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी तौकीर आलम ने भारत जोड़ो यात्रा के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला व महानगर कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जो तीन जनवरी को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद लोनी बार्डर से प्रवेश करेगी में भारी संख्या में पहुंचे। महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने भी कार्यकर्ताओं से इसे सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, असद मौलाई, मौहम्मद शमी, शिवराज सिंह गुर्जर, हाजी रिजवान कुरैशी, श्याम बाबू बाल्मीकि, मौ0 शदान, अनमोल गुप्ता, डॉ. मौ. जमाल, शकील सरवर हाशमी, अजय सारस्वत सोनी, अफजल साबरी, समीर खान, शमशेर खान, आदिल खान, परवेज इस्लाम, नेहानाज, सुखविंदर सिंह, कमर सलीम, अनिल गुर्जर, आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा की।

# डीसीपी आधिकारिक विजिट का आयोजन, नाटिका के माध्यम से बेटी बचाओं- बेटी पढ़ाओं का दिया संदेश

मुरादाबाद-अध्यक्ष अंजलि गौड़ ने बताया कि डीसीपी के स्लोगन सेवा परमो धर्म के तहत सेवा कार्य के प्रोजेक्ट किए गए। इनमें जरूरतमंद लोगों को कंबल, बच्चों की फीस, सिलाई मशीन वितरित की गई। मीना गुप्ता, अंशु सिंह ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। मुरादाबाद के लेडीज क्लब में आधिकारिक यात्रा में डीसीपी निधि वर्मा का सदस्यों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। लेडीज क्लब में मंगलवार को डीसीपी आधिकारिक विजिट का आयोजन किया गया। उनके स्वागत के लिए ढोल नगाड़े बजाए गए। सदस्यों ने इस मौके पर क्लब की ओर से किए गए सेवा कार्यों को गुब्बारों पर लिखकर उन्हें आसमान में उड़ाया। अध्यक्ष अंजलि गौड़ ने बताया कि डीसीपी के स्लोगन सेवा परमो धर्म के तहत सेवा कार्य के प्रोजेक्ट किए गए। इनमें जरूरतमंद लोगों को कंबल, बच्चों की फीस, सिलाई मशीन वितरित की गई। मीना गुप्ता, अंशु सिंह ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। स्नेह गुप्ता, लक्ष्मी अग्रवाल ने नाटिका के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। मोनिका, प्रियंका, अंजलि, आरती, मीनाक्षी ने महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। इस दौरान सभी पीडीसीपी, पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता से बीस लाख रुपये की धोखाधड़ी, दंपती समेत छह पर केस

मुरादाबाद-सिविल लाइंस थाने में एक अधिवक्ता ने दंपती समेत छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है। अधिवक्ता का आरोप है कि आरोपियों ने लक्सर में खनन पट्टा चलाने के लिए रकम ली थी। सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के हिमगिरी कालोनी निवासी अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने दर्ज कराए केस में बताया कि उत्तराखंड के कोटद्वार के गाड़ीघाट निवासी राजकुमार भाटिया और उनकी पत्नी कुलदीप कौर से उनकी जान पहचान थी। पांच सितंबर 2018 को कुलदीप कौर अपने साथ बिजनौर के अब्दुलपुर मुन्ना उर्फ हादरपुर निवासी हेमेंद्र कुमार, उसके बेटे तिलक मयूर व यमांतक और बिजनौर के नयागांव मुबारकपुर निवासी मोनू को साथ उनके घर आए थे। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने लक्सर में कुत्तों घाट पर एक खनन पट्टा लिया है। जिसे चलाने के लिए उन्हें बीस लाख रुपये की जरूरत है। उन्होंने अधिवक्ता को दो माह में मूल रकम के साथ फायदा देने का भी वादा किया। अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने अपने मकान पर बैंक से लोन लेने के बाद आरोपियों को रकम दे दी थी। दो माह बाद रकम लौटाने का समय आया तो आरोपी टाल मटोल करने लगे। जितेंद्र का कहना है कि छह लाख आरोपियों ने उन्हें दिए। उन्होंने बीस लाख रुपये मांगे तो आरोपी धमकी देने लगे। पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर राज कुमार भाटिया, कुलदीप कौर, हेमेंद्र कुमार, तिलक मयूर, यमांतर और मोनू के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

### What did you get from the trip

**Can the crowd involved in Bharat Jodo Yatra be converted into votes? This question makes it clear that Rahul**



Gandhi's Bharat Jodo Yatra, covering a distance of about 3000 kilometers in 108 days, reached Delhi on Saturday to convert the possibilities arising from this visit into concrete results. Here the first phase of this journey was said to be completed. The second phase is scheduled to begin on January 3. What did this visit give to Rahul Gandhi in these 108 days, how much his understanding of the country and the countrymen was enriched, is also an important question, but the correct answer to this can be found through the decisions of Rahul Gandhi and the impact of those decisions in the days to come. With this the country will open in front of the world. Meanwhile, has this yatra passing through different parts of the country made any impact on the countrymen, their mood and their perception towards Congress and Rahul Gandhi or not? If yes, what is that effect? Is it temporary or is it likely to last for some time? These questions are also difficult and complex but they can be investigated a little and some such observations can also be given in the form of answers, which can be debated further or which can be put to the test of time and wait for the result. Could The first thing to be noted in this sequence is that the Congress and its leader Rahul Gandhi, facing one electoral defeat after another and getting defeated by the Sangh-BJP in the battle of perception, were being accused of failing to respond to the political challenges before them. Not serious about. This journey of more than 100 days has undoubtedly weakened that image of Rahul Gandhi. During this, passing through different parts of the country, listening to people and addressing them, he has been reiterating in different ways how in his eyes Sangh-BJP is a threat to Indianness. Whether one agrees with his belief or not, it is certain that people are now listening to him more seriously than before. If we talk about the opposition space, Rahul Gandhi, by keeping Bharat Jodo Yatra away from election victory and defeat, also ensured that the people who feel troubled by the BJP but are away from the Congress, do not hesitate to reach out to them. This can be said to be an added advantage of this trip. But in the context of the challenges faced by the Congress as a political party, this is not enough. The biggest question is whether this goodwill of the people who came in Rahul's part can be converted into votes?

# Mukesh Khanna told Tunisha's parents responsible for her death, said this on love jihad

**Mukesh Khanna has shared a video, in which he is seen talking about Tunisha's suicide. Mukesh questions Tunisha's parents in this matter. New revelations are happening one after the other in the case of TV actress Tunisha Sharma's suicide. At the**



age of just 20, the actress said goodbye to this world. Many actors and actresses are giving their reactions on Tunisha's death. Now actor Mukesh Khanna also gave his reaction expressing grief over Tunisha's death. Mukesh also raised questions on girls committing suicide in the industry. Kya Bole Mukesh - Mukesh Khanna has shared a video in which he is seen talking about Tunisha's suicide. Mukesh questions Tunisha's parents in this matter. Also, he termed Tunisha's act of suicide as childish. However, refused to accept it as a case of love jihad. Mukesh said, 'It is not necessary that every Khan works in this way. This is happening only because of childish incidents at this age stage. Tunisha is gone and now the finger is being pointed at her boyfriend, but no one talks about what is behind her. Blame the parents – Mukesh said, 'Everyone is surprised about Tunisha. The biggest culprits are the parents of the girls. Boys take care of themselves. Girls are emotional and sensitive. When that thread breaks, the girls end their lives. The girls who consider their boyfriend as their God and their everything, when they come to know that the person in front is cheating, then what would be going through their heart? Tunisha was heartbroken and took the fatal decision. Parents should not leave children alone, otherwise the condition of every child will be like this. 'Children are victims of depression - Mukesh Khanna says that suicide is one to two minutes of depression. Had a friend or parent been present at that time, Tunisha might not have died. Every parent should not leave their girls alone in Mayanagari. He should meet his children and inquire about their well-being. Mukesh also asked the TV industry not to exaggerate suicides in serials.

# From falling in love on the sets to being accused of witchcraft

In this colorful world of entertainment world, relationships change in a jiffy. You must have often heard stories of love, agreement and conflict here. Sometimes such controversies also take place in the cine world, whose memories remain in people's mind for years. We introduce such controversies to you in this special series of ours. In this episode, today in 'Vivad Bollywood Ke' we are going to tell you about the controversy related to Bollywood's queen Kangana Ranaut and Adhyayan Suman. Controversy started after the breakup – Kangana Ranaut is also




known as Panga Girl. She is often embroiled in controversies. At the same time, the dispute between actress and Adhyayan Suman is not hidden from anyone. Both were in a relationship for a long time, but then they broke up. After the breakup, Adhyayan made many revelations about Kangana and also made serious allegations. Adhyayan had said during an interview that Kangana takes drugs and she also practices witchcraft, after which the controversy escalated.

# यूपी के बलरामपुर में मध्य प्रदेश निवासी मां-बेटा व बेटी ने खाया जहर, तीनों की मौत, पिता गंभीर



बलरामपुर, जासं। मध्य प्रदेश निवासी मंटोले की पत्नी रेखा, बेटा कान्हा व बेटी लक्ष्मी की संदिग्ध परस्थितियों में मौत हो गई। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। मंटोले पुत्र कालीचरण की हालत गंभीर होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि परिवार के सदस्यों ने कोई विषाक्त पदार्थ खाया था। घटना से मुहल्लेवासियों में सनसनी फैल गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने घटनास्थल का जायजा लिया। पूरा पर?वार बलरामपुर के उतरौला के लालगंज मुहल्ले में अंतर सिंह के किराये के मकान में रह रहा था।मंटोले मध्य प्रदेश के बौड़खारी पोस्ट मोहना थाना लहर जनपद भिंड का रहने वाला है। वह उतरौला में आठ साल से किराये के मकान में रहकर पानी पूरी का ठेला लगाता है। बताते हैं कि बुधवार सुबह देर तक उसके घर का दरवाजा न खुलने पर मुहल्लेवासियों को चिंता हुई। मंटोले के बच्चे प्राथमिक स्कूल मधपुर में पढ़ते थे। मंटोले के दूर के रिश्तेदार ने विद्यालय के सहायक अध्यापक राघवेंद्र कुमार फोन करके बताया कि बच्चों के घर जाकर देख लें। कोई फोन रिसीव नहीं कर रहा है। शिक्षक घर पहुंचकर दरवाजा पीटने लगा। तब तक मुहल्लेवासी भी वहां आ गया। लोहे के दरवाजे पर अंदर से ताला लगा था। अनहोनी की आशंका पर सहायक अध्यापक ने यूपी डायल 112 पर फोन किया। पुलिस ने पहुंचकर ग्लेंडर मशीन से लोहे का गेट काट दिया। पुलिस टीम अंदर दाखिल हुई तो रेखा, लक्ष्मी व कान्हा के मुंह से झाग निकला था। तीनों बिस्तर पर पड़े थे।मंटोले की सांसें चल रही थीं। पुलिस टीम ने आनन-फानन मंटोले को सीएचसी पहुंचाया। उतरौला कोतवाली की पुलिस ने मां व बेटा-बेटी के शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परिवार के तीन सदस्यों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतका के परिवारजन से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। मंटोले को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी श्रद्धालुओं से भरी बस, 28 घायल, दो ट्रॉमा रेफर



अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर टाटिया नगर के पास एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 28 लोग घायल हो गए। दो गंभीर घायलों को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। वाराणसी से अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में 28 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दो श्रद्धालुओं की हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। महाराष्ट्र के पुणे जिले के भोसरी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर के रहने वाले श्रद्धालु तीर्थयात्रा पर निकले हैं। वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम का दर्शन करने के बाद वे मंगलवार की देर शाम अयोध्या के लिए बस पर बैठकर निकले थे। बस बुधवार की भोर में सुल्तानपुर जिले के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के टाटिया नगर के पास पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। तेज आवाज सुनकर टाटिया नगर पुलिस चौकी पर ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मी भागकर मौके पर पहुंचे।पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने देतोबा काशीनाथ (70), विकास पंडरनाथ पांडेय (43) निवासी शास्त्रीनगर थाना भोसरी जिला पुणे महाराष्ट्र को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, सीएमओ डॉ. डीके त्रिपाठी, सीएमएस डॉ. एससी कौशल अस्पताल पहुंच गए। डीएम ने अस्पताल में भर्ती घायल श्रद्धालुओं को मिलने वाली चिकित्सकीय सेवा के बारे में सीएमएस से जानकारी ली। डीएम को घायल श्रद्धालु विश्वास ने बताया कि चालक लापरवाही से बस चला रहा था। सभी श्रद्धालु वाराणसी से छह बसों में सवार होकर अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए निकले थे। जो बस हादसे का शिकार हुई, वह छठी बस थी। शेष पांच बसें अयोध्या के लिए आगे निकल चुकी थी।

# एक विवाह ऐसा भी- मुस्लिम परिवार में जन्मी अमरीना ने राधिका बन लिए सात फेरे; बोली- अब तीन तलाक का डर भी नहीं



बरेली- मुस्लिम परिवार में जन्मीं अमरीना ने हिंदू परिवार के पप्पू संग सात फेरे लेकर खुद को नई पहचान दे दी। हवन-पूजन कर अपना नाम राधिका रख लिया। कहने लगीं, यह निर्णय मेरे भविष्य के लिए सुखद होगा। भगवान में पहले ही आस्था थी, अब विवाह के बाद तीन तलाक का डर भी खत्म हो गया। कुछ लोगों को इस रिश्ते से परेशानी हो रही, इसलिए घर वापस नहीं जाऊंगी। पति पप्पू जहां चाहेंगे, वहां गुजर कर लूंगी।

## पुलिस अधिकारियों से करेंगी सुरक्षा की मांग

बुधवार को वह पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर सुरक्षा की मांग करेंगी। बिजनौर के कोतवाली क्षेत्र की मूल निवासी अमरीना और रामपुर के शाहबाद निवासी पप्पू कोरी के बीच मिस्ड काल से परिचय हुआ था। दोनों के बीच फोन पर बात होने लगी। करीब दो वर्ष पहले प्रेम संबंध हुए तो स्वजन ने विरोध शुरू कर दिया। पप्पू के अनुसार, हम दोनों जिंदगी भर साथ रहने का निर्णय ले चुके थे इसलिए घर छोड़ दिया।

कुछ परिचितों के माध्यम से बिहारीपुर में पंडित केके शंखधार के आश्रम के बारे में जानकारी मिली। इसी आधार पर सोमवार दोपहर को वहां पहुंच गए। बालिग होने के प्रमाण दिखाकर विवाह की इच्छा जताई। इसी आधार पर महंत पंडित केके शंखधार ने विवाह कराया। अमरीना ने पूजन कर सात फेरे लिए। कहा कि अब मैं हिंदू हूं, नाम राधिका देवी रख लिया है। पप्पू से परिचय के बाद ही तय कर लिया था कि विवाह कर सनातनी संस्कृति-परंपरा के अनुसार रहेंगे।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991
निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371
सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# ओड़गी के साप्ताहिक हॉट बाजार में सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई

## जनसम्पर्क विभाग के शिविर को ग्रामीणों से मिल रहा सकारात्मक प्रतिक्रिया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर - कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन में जिला जनसम्पर्क कार्यालय के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय से लेकर विभिन्न विकासखंड मुख्यालयों में सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ओड़गी विकासखण्ड मुख्यालय के साप्ताहिक हाट बाजार में प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अवलोकन करने ग्रामीणों का तांता लगा रहा। ग्रामीणों ने कहा-हमर सरकार के काम-बुता हर फोटू मन मा दिखत हे पालदलोनी के गुलाब सिंह टेकाम, पंच हर छत्तीसगढ़िया मा कहिस ए फोटू परदसनी म हमर भूपेश कका के चार बच्छर के कामकाज अउ योजना मन के पता चलत हे। हमर जइसन लाचार अउ गरीब मनखे मन के सहारा बनके छत्तीसगढ़ सरकार ओ काम ल करत हे, जेन काम मन पहिली कभु नई होय रहिस। छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सरकार चार साल म सुग्घर-सुग्घर योजना बनाके जनता के भलई बर काम करत हे, जेकर फायदा जम्मो संगवारी मन ला मिलत हे। ओड़गी साप्ताहिक बाजार में स्थानीय ग्रामीणों के अलावा आसपास के जनकलाल देवांगन ग्राम धुर, सागर कुर्रे ग्राम गिरजापुर, चंद्रावती राजवाड़े ग्राम वेदमी, भोला यादव ग्राम चपदा, रामचरण राजवाड़े सहित विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों ने इसका अवलोकन कर प्रदेश सरकार के कामकाज और पिछले 4 साल की उपलब्धियों को करीब से देखा। शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी के राज कपूर सिंह, रितेश राजवाड़े, प्रेमशंकर, पिंटू देवांगन कविता यादव, शीला सिंह ने भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शासन को समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाना चाहिए। जिससे कि उसका काम आमजनता के समक्ष आसानी से पहुंच सके। छायाचित्र फोटो प्रदर्शनी में अवलोकन करने वाले में युवा, बच्चों, बुजुर्ग, गृहणी महिलाएं एवं जनप्रतिनिधियों को जनसंपर्क विभाग के माध्यम से न्याय का छत्तीसगढ़ मॉडल, न्याय का नया अध्याय, समृद्ध खेती खुशहाल किसान छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, सबके लिए स्वास्थ्य, किसान के चेहरे पर आत्म सम्मान वाली मुस्कान, युवाओं को नई सुविधाएं नए अवसर संबंधित किताब, जनमन और पम्पलेट ब्रोसर वितरण नि:शुल्क किया गया।

# ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट विजेता व उप विजेता टीम को नगदी और मेडल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर - ओडगी ब्लाक के ग्राम उमझर में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री सतनारायण सिंह के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रदेश महामंत्री ने विजेता टीम को बधाई देते हुए नगद राशि व मेडल देकर सम्मानित किया, साथ ही उप विजेता टीम का हौसला अफजाई भी किया।ग्राम उमझर और बसनारा के बीच फाइनल मैच खेला गया । जिसमें उमझर टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 65 रन ही बना सकी जिसका पीछा करते हुए बसनारा की टीम ने 8 ओवर 4 गेंद पर जीत हासिल कर ली जिसमें बसनारा की टीम से खेल रहे कमान विजय सिंह को मैन ऑफ द मैच दिया गया व अथितियों के द्वारा सम्मानित करते हुए विजेता टीम को 15 हजार रुपए व मेडल तथा द्वितीय टीम को 7500 हजार और मेडल प्रदान गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री ने दोनों टीमों के खिलाडियों को बधाई दी और हौसला अफजाई करते हुए उप विजेता टीम को अपनी हार से सीख लेनी की बात कही। श्री सिंह ने कहा कि आने वाले समय मे कड़ी मेहनत एवं जोश के साथ खेले हमेशा टीम भावना दिखाए साथ ही अनुशासन में खेले ओर इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी क्रिकेट खिलाडियों को बधाई दी गई इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री शिव प्रसाद सिंह, बिहारपुर मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बस भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पुनीत पाठक जनपद सदस्य श्रीमती निर्मला सिंह सरपंच अमर सिंह बैकुंठ प्रसाद जायसवाल मदनलाल जायसवाल नरपत सिंह पंच कप्तान सिंह विपत्र सिंह उदय बहादुर श्रीमती रानी सिंह कमेटी के सदस्य धर्मेंद्र सिंह बृजराज सिंह बृजेंद्र सिंह राणा प्रताप सिंह भीम सिंह अनिल यादव मुस्कान सिंह पवन सिंह हीरा सिंह राजकुमार राजेंद्र सिंह चंद्रभान सिंह राकेश सिंह कमेटी अध्यक्ष बाल सिंह राम लल्लू सिंह सच्चे सिंह सहित विभिन्न गांव के सरपंच, पंच, कोटवार, सचिव, विभागीय अधिकारीगण एवं समस्त कार्यकर्ता ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में खोपा ने पचिरा को हराया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - दतिमा मोड़- भैयाथान विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खोपा में आयोजित दो दिवसीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में खोपा की टीम ने पचिरा को शिकस्त देकर कप में कब्जा किया। सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। दो दिनों तक चली कबड्डी प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्रों की 16 टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष राजवाड़े अध्यक्षता सरपंच सुखलाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मंत्री भाजयुमो संत लाल प्रजापति, विजय कुशवाहा, ठाकुर राजवाड़े, भाजयुमो उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल, घनश्याम गुप्ता, बिहारी विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि सुभाष राजवाड़े ने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक विकास होता है और मजबूत देश के विकास के लिए बहुत ही सहायक है। कबड्डी जैसे खेल का इस ग्राम में आयोजित होना ग्राम के लिए सौभाग्य की बात है। इस छोटे से ग्राम में इस तरह के खेल से ग्रामीण प्रतिभा निखर कर सामने आने के साथ साथ इस मंच के माध्यम से उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने दोनों टीम के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच पचिरा और खोपा गांव की कबड्डी टीम के मध्य खेला गया। रोमांचक मैच में खोपा की टीम ने पचिरा को 9 अंकों से हराया। विजयी टीम को 8 हजार रुपए शील्ड व उप विजेता टीम को 4 हजार रूपये शील्ड दिया गया। आयोजन के दौरान खेल के प्रति उत्साह और जुनून का प्रदर्शन करते हुए गांवों के स्थानीय लोग बड़ी संख्या में अपनी टीम का समर्थन करने और प्रोत्साहित करने के लिए पहुंचे थे।

# ओड़गी पिछड़ा वर्ग ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष बने राजेन्द्र कुमार यादव

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर -ओड़गी - प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष चोलेश्वर चंद्राकर के अनुशंसा से पिछड़ा वर्ग कांग्रेस सूरजपुर के जिलाध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू के द्वारा सूरजपुर जिले का दौरा कर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों एवं ब्लॉक अध्यक्षों को चयनित कर सूची जारी किया गया है जिसमें ओड़गी से पिछड़ा वर्ग ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुमार यादव को बनाया गया है। वहीं दीपक कुमार साहू को सूरजपुर ब्लाक अध्यक्षसमरथ प्रजापति रामानुजनगर ब्लाक, अध्यक्ष रमेश कुमार साहू प्रेमनगर ब्लाक, कृष्णपाल जायसवाल बिहारपुर, कृष्णमुरारी साहू भैयाथान ब्लाक ,अध्यक्ष दिनेश कुमार राजवाड़े लटोरी,मुरली प्रसाद गुप्ता सलका, बलबीर कुमार यादव प्रतापपुर, अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष श्री साहू ने नवनियुक्त ब्लॉक के पदाधिकारियों को बधाई दी है। ब्लांक अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस के कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पुनर्मूल्यांकन के नाम पर बीएचएमएस के 78 फीसदी छात्र कर दिए थे पास, एसटीएफ से शिकायत




परीक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रो. प्रदीप श्रीधर ने कुलपति और एसटीएफ को शिकायत पत्र भेजा है। आरोप है कि बीएचएमएस की मुख्य परीक्षा में फेल 78 फीसदी छात्रों को पुनर्मूल्यांकन में पास कर दिया गया। तत्कालीन कुलपति प्रो. विनय पाठक ने डिजिटल पुनर्मूल्यांकन कराया था। आगरा के डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति रहे प्रो. विनय पाठक ने नियम विरुद्ध बीएचएमएस का पुनर्मूल्यांकन कराया था। इसमें फर्जीवाड़ा करते हुए शत-प्रतिशत छात्रों को पास करा दिया, जबकि मुख्य परीक्षा में महज 22 फीसदी छात्र पास हुए थे। इनके फैसले को सही ठहराने के लिए रिकॉर्ड से भी छेड़छाड़ की। ये आरोप लगाते हुए परीक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्य ने एसटीएफ से शिकायत की है। परीक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रो. प्रदीप श्रीधर ने कुलपति और एसटीएफ को शिकायत पत्र भेजा है। आरोप है कि बीएचएमएस की मुख्य परीक्षा में करीब 1400 छात्र शामिल हुए। इसमें 22 फीसदी छात्र पास और 78 फीसदी फेल हो गए। डीन होम्योपैथी के पत्र के आधार पर तत्कालीन कुलपति प्रो. विनय पाठक ने डिजिटल पुनर्मूल्यांकन कराया, जिसमें फेल 78 फीसदी छात्र भी पास हो गए और परिणाम 100 फीसदी हो गया। पुनर्मूल्यांकन का नियम नहीं जबकि विश्वविद्यालय में पुनर्मूल्यांकन का नियम नहीं है। संबंधित छात्र शुल्क देकर चुनौती मूल्यांकन ही करा सकता है। उनके निर्णय को सही साबित करने के लिए परीक्षा समिति की बैठक में प्रति कुलपति प्रो. अजय तनेजा और परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश के हस्ताक्षर के नीचे दर्ज निर्णय की तिथि को काटकर नई तिथि अंकित कर दी। प्रो. पाठक ने पुनर्मूल्यांकन के आदेश जुलाई 2022 में किए और इसे आठ अगस्त को हुई परीक्षा समिति की बैठक में न रखते हुए अब ( 19 नवंबर ) की बैठक में क्यों रखा है। इस पर पुनर्मूल्यांकन का फैसले को समिति ने निरस्त कर दिया, लेकिन रिजल्ट अभी भी बरकरार है। इससे विश्वविद्यालय को वित्तीय नुकसान भी हुआ, जबकि चुनौती मूल्यांकन में 3 हजार रुपये प्रति कॉपी जांच कराने का शुल्क है। परिणाम निरस्त क्यों नहीं किया शिकायत करने वाले प्रो. प्रदीप श्रीधर ने कहा कि परीक्षा समिति ने पुनर्मूल्यांकन का निर्णय रद्द कर दिया तो इसका परिणाम क्यों निरस्त नहीं किया है। इसके लिए एसटीएफ की जांच रिपोर्ट का इंतजार क्यों किया जा रहा है। बैठक की रिकॉर्डिंग भी सार्वजनिक की जाए, जिसमें सच सामने आ जाएगा। मैंने एसटीएफ और कुलपति से दोषी लोगों की जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# बलरामपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में दो बच्चों समेत मां की मौत, पिता की हालत गंभीर



बलरामपुर जिले के उतरौला कोतवाली में संदिग्ध परिस्थितियों में एक मां व दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे से हर कोई हतप्रद रह गया। मौत का कारण नहीं पता चल सका है।बलरामपुर जिले के उतरौला कोतवाली के लालगंज में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में दो बच्चों समेत मां की मौत हो गई। जबकि पिता की हालत गम्भीर है। उसे सीएचसी ले जाया गया है। मौत कैसे हुई, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस अधिकारी मौके पर छानबीन कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के थाना लहर के बौढ़खरी निवासी मंटोले ( 42 ) पुत्र कालीचरन छह साल से उतरौला कस्बे से सटे लालगंज में किराए के मकान में रहते थे। वह कस्बे में पानी पूरी का ठेला लगाते थे। उनके साथ पत्नी रेखा ( 38 ) के अतिरिक्त बेटी लक्ष्मी ( 11 ) व बेटा कान्हा ( 8 ) रहता था।बुधवार को जब सुबह दस बजे के बाद भी कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों को कुछ शक हुआ। आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो पुलिस को जानकारी दी गई। इस पर डॉयल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा काटकर खुलवाया। अंदर देखा तो चारों बेसुध पड़े थे। मंटोले की सांस चल रही थी, ऐसे में तत्काल उसे अस्पताल भिजवाया गया। जबकि रेखा, लक्ष्मी व कान्हा दम तोड़ चुके थे। मौके पर चिकित्सकों की टीम बुलाई गई। इमरजेंसी मेडिकल अफसर डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि मौके पर तीन की मौत हो गई है व एक को अस्पताल भेजा गया। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। कोतवाल संजय कुमार दुबे का कहना है कि अभी मौत का कारण कुछ भी पता नहीं चल सका है। जानकारी की जा रही है। मौके पर पहुंचे एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने स्थानीय लोगों से जानकारी हासिल की।

## हर कोई हतप्रद

इस घटना से हर कोई हतप्रद है। मंटोले कस्बे में विधायक के घर के सामने पानी पूरी का ठेला लगाता था। बताते हैं कि वह सीधा साधा था। आसपास के लोगों से ज्यादा मेलजोल नहीं था। वह अपने काम से काम रखता था। दोपहर में ठेला लाकर जाता था। शाम को वापस आता था। पत्नी रेखा घर पर ही रहती थी। ऐसे में पड़ोसी भी घटना को लेकर सकते में हैं।पढ़ने में तेज थी लक्ष्मी

प्राथमिक विद्यालय मधुपुर के शिक्षक दिनेश सिंह कहते हैं कि 11 वर्षीय लक्ष्मी उनके यहां पांचवीं की छात्रा थी। आठ वर्षीय कान्हा चौथी का छात्र था। लक्ष्मी पढ़ाई में तेज थी।

# बर्फीली हवाओं ने यूपी को गलन भरी ठंड से किया बेहाल, अयोध्या सबसे सर्द रहा



यूपी में बर्फीली हवाएं कहर ढा रही हैं। कड़ाके की ठंड ने लोगों को बेहाल करना जारी रखा है। उत्तर भारत में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है।बर्फीली हवाओं ने उत्तर प्रदेश को भी गलन भरी ठंड से बेहाल करना शुरू कर दिया है।

पिछले 24 घंटे में तमाम शहरों में अधिकतम और न्यूनतम पारे में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश में अयोध्या सबसे ठंडा रहा। यहां मंगलवार को न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान 18.5 डिग्री पहुंच गया। यह सामान्य से करीब 2.7 डिग्री सेल्सियस कम है। राजधानी लखनऊ में भी बर्फीली ठंड ने दस्तक दी है।


दिन का न्यूनतम पारा 6.6 डिग्री दर्ज हुआ, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री कम लुढ़का, ये 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, अमेठी के फुर्सतगंज में न्यूनतम तापमान 5.4, बाराबंकी में 6.4, बहराइच में 8 और गोंडा में 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## उत्तर भारत में घने कोहरे की चेतावनी

पश्चिमी यूपी, पंजाब, हरियाणा, उत्तरी राजस्थान व दिल्ली में अगले 24 घंटे के दौरान कड़ाके की ठंड पड़ेगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि इस दौरान कहीं घना तो कहीं बेहद घना कोहरा छाया रहेगा। तीन-चार दिन बाद ही शीतलहर व कोहरे से कुछ राहत मिल सकती है। राजस्थान के चुरू में न्यूनतम तापमान मंगलवार को 0.5 डिग्री रहा। सोमवार को यहां तापमान शून्य डिग्री था।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# यूपी : कस्टडी रिमांड पूरी होने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में बांदा जेल भेजा गया माफिया मुख्तार अंसारी



मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की कस्टडी रिमांड पूरा होते ही बाहुबली मुख्तार अंसारी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। कोर्ट ने उनकी न्यायिक अभिरक्षा को 10 जनवरी 2023 तक के लिए मंजूर किया है। मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की कस्टडी रिमांड पूरा होते ही बाहुबली मुख्तार अंसारी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। कोर्ट ने उनकी न्यायिक अभिरक्षा को 10 जनवरी 2023 तक के लिए मंजूर किया है। इसके साथ ही बाहुबली को पूरी सुरक्षा के साथ बांदा जेल में शिफ्ट किए जाने का आदेश दिया है। मुख्तार अंसारी की सुनवाई एसीजीएम अट्ठारह की कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने उन्हें कोर्ट में पेश किया था। ईडी की तरफ से अधिवक्ता शिव मूर्ति वर्मा पेश हुए थे। सरकारी अधिवक्ता गुलाब चंद अग्रहरी ने न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने का कोई विरोध नहीं किया। एसीजीएम अट्ठारह की कोर्ट ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई पर संबंधित कोर्ट के समक्ष आरोपी को पेश किया जाए। इसके पहले बाहुबली मुख्तार अंसारी की ईडी कस्टडी रिमांड 28 जनवरी तक जिला जज की कोर्ट ने मंजूर की थी। आज जब समयावधि पूरी हुई तब उन्हें कोर्ट के समक्ष पेश किया गया।

# फ्लाईओवर से उतरते टेंपो पलटा, चालक मरा

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अलीगढ़ से लौटते समय लोडर टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसके नीचे दबकर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने घरवालों को सूचना दी है। थाना मलावन के गांव आसपुर निवासी जितेंद्र ( 26 ) पुत्र दीनदयाल लोडर टेंपो चलाते थे। सोमवार की रात को अलीगढ़ से लौट रहे थे। कसैटी फ्लाईओवर से नीचे उतरते समय टेंपो पलट गया। इसके नीचे दबकर जितेंद्र की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घरवालों को सूचना दी। एसएचओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि नीचे उतरते समय टेंपो पलट गया।



इसके नीचे दबकर चालक की मौत हुई है। दूसरी तरफ मलावन में टोल प्लाजा के पास एक बाइक दीवार से टकरा गई।

बाइक सवार वेदप्रकाश, किरन पत्नी विनोद, शांति देवी पत्नी छोटेलाल निवासी गढ़िया बागवाला घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। छह माह पहले पिता की भी हादसे में गई थी जान, पोस्टमार्टम गृह पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि छह माह पहले जितेंद्र के पिता की भी हादसे में मौत हो चुकी है। कुछ साल पहले पत्नी की मौत हो चुकी है। दो बेटियां हैं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## डीजे बजाने के विरोध पर युवक को पीटा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- डीजे बजाने के विरोध में युवक पर हमला कर घायल कर दिया। युवक की हालत गंभीर देख आगरा रेफर कर दिया है। पूरा मामला थाना अवागढ़ के गांव चुरथरा का है। गांव में पड़ोस के घर में डीजे बज रहा था। पीड़ित यामीन ने बंद करने की बात कही। आरोप है कि पड़ोसियों ने पथराव कर दिया। ईट सिर में मारकर गंभीर घायल कर दिया। घायल को मंगलवार सुबह मेडिकल कॉलेज से आगरा रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## तृतीय स्टार लगाकर दी बधाई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद एटा में तैनात उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए 04 निरीक्षकों 1. श्री राजेश चौहान 2. श्री अनुज शर्मा 3. श्री नवीन यादव 4. श्री धर्मवीर सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा ने तृतीय स्टार लगाकर दी बधाई, साथ ही आगामी भविष्य में पद के साथ बढ़ी हुई जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु दिए मूलमंत्र।

## जिला पदाधिकारी ने लगाया जनता दरबार



राजेश कुमार द्विवेदी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बिहार गोपालगंज-डॉ नवल किशोर चौधरी द्वारा समाहरणालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

महोदय ने जनता दरबार में आते हुए प्रत्येक फरियाद से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और फरियादियों के आवेदन पर उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लगभग बीसों फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिये।

## एटा-DIG रेंज अलीगढ दीपक कुमार पहुचे अलीगंज



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-DIG रेंज अलीगढ दीपक कुमार पहुचे अलीगंज, अलीगंज पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था को परखा,आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए, मित्र पुलिस का संदेश देने के साथ-साथ शांति एवं कानून व्यवस्था के मद्देनजर की बैठक डीआईजी दीपक कुमार ने अलीगंज कस्बा मे पुलिस बल के साथ पैदल गस्त भी किया, पैदल मार्च में एडिशनल एसपी धनंजय सिंह कुशवाह और सीओ अलीगंज विक्रांत द्विवेदी,इंस्पेक्टर मलावन छह मिश्रा और जसरथपुर थानाध्यक्ष केके लोधी व एसआई विजय सिंह सहित पुलिस फोर्स रहा मौजूद, डीआईजी अलीगढ दीपक कुमार ने अलीगंज में पैदल मार्च के बाद एटा पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक, लंबित विवेचना और हाल ही में हुई लूट की घटनाओं के खुलासे के संबंधित अधिकारियों को डीआईजी ने दिए निर्देश, पुलिस लाइन से बैठक के बाद डीआईजी अलीगढ़ के लिए हुए रवाना,

# निर्माण भारती के तत्वावधान में वृहद काव्य गोष्ठी का आयोजन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था निर्माण भारती के तत्वावधान में वृहद काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ.संस्था के अध्यक्ष रामकुमार आर्य के आवास मारहरा रोड,एटा पर डॉ प्रेमी राम मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई. यह कार्यक्रम संस्था के सम्मानित सदस्य जनपद एटा के जानेमाने कवि/ साहित्यिकार एवं पत्रकार दिवंगत संजय उपाध्याय की स्मृति में आयोजित किया गया.इस अवसर पर संस्था ने साहित्य एवं समाज सेवा के लिए कवि राजकुमार 'भरत' एवं गीतकार सत्येंद्र 'निर्झर' को निर्माण भारती सम्मान से पुरस्कृत किया. कवि राजेश यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया.अनूप भावुक, राजेन्द्र सिंह, राकेश शम्स,राजू उपाध्याय,रामौतार आर्य, अल्का अद्भुत, सर्जन शीतल, कृष्णमुरारी मानव, महेश मंजुल आदि ने काव्य पाठ किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की.अंत में संस्था के अध्यक्ष रामकुमार आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया.

## स्व. उर्मिला यादव जी की 13वी पुण्यतिथि पर किरण यादव व आईजी अंशुमान यादव ने दी श्रद्धांजलि



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज,अनुभूति सेवा समिति की संरक्षक किरण यादव आज अपने पैतृक गाँव अल्हीपुर बरवारा जाकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्व. उर्मिला यादव जी की 13वीं पुण्यतिथि के मौके पर समाधि हॉल में पूजा अर्चना , हवन व शांति पाठ के बाद किरण यादव व अंशुमान यादव ने उनकी समाधि पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन किया

पुण्यतिथि के अवसर पर किरण यादव व अंशुमान यादव जी ने गाँव अल्हीपुर बरवारा में एक दिवसीय मिनी मेले का आयोजन किया जिसमें गाँव के सभी बच्चों के लिए अनेक तरह के झूले व खाने पीने के स्टाल लगवाये जिसमें सब कुछ नि:शुल्क था।गाँव के सभी बच्चों ने किरण यादव व आईजी अंशुमान यादव जी के साथ मौजमस्ती , मनोरंजन व खानेपीने का भरपूर लुफ़्त व आनंद लिया घर से मस्जिद है बहुत दूर चलो यूं कर ले किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाये बच्चों के छोटे हाथो को चाँद सितारे छूने दो चार किताबें पढ़कर ये भी हम जैसे हो जायेगे